ा

करना
ड़ से
मान
नुराग
नेक
छात्र

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैसरबाग लखनऊ में प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के नेतृत्व में स्वीप नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सुमन मिश्रा एवं सदस्यों प्रोफेसर वंदना उप्रेती , प्रोफेसर सुनीता सिंह, प्रोफेसर अजरा बानो, प्रोफेसर सुनीता कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयकों डॉ अंतिमा चौधरी, डॉ आकांक्षा वर्मा, एनसीसी ए. एन.ओ. मेजर रजिया परवीन, समस्त शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि माननीय कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय द्वारा रानी लक्ष्मीबाई वार्ड संख्या 42 को गोद लिया गया है, जो लखनऊ मध्य विधान सभा क्षेत्र में आता है। इस वार्ड के अंतर्गत गौतम बुद्ध मार्ग, नया गांव, ख्यालीगंज, पुराना नजीराबाद रोड, मित्र बंधु रोड, कैसरबाग, राजा नवाब अली रोड, कचहरी रोड , चकबस्त रोड इत्यादि आते हैं। यहां दिनांक 20 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत मतदान प्रस्तावित है। सम्पूर्ण महाविद्यालय द्वारा चरण बद्ध तरीके से दिनांक 10 मई से 15 मई 2024 तक उक्त वार्ड में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दि. 10 मई 2024 को प्रातःकाल आठ बजे से प्रभात फेरी निकाल कर वार्ड में हर घर जाकर लोगों से संपर्क किया गया और उन्हें मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित किया गया। कैसरबाग बस अड्डे पर भी लोगों को उनके मतदान कर्तव्य के प्रति जागरूक किया गया। इस रैली में निर्वाचन सुपरवाइजर श्री प्रवीण कुमार, श्री रंजीत कुमार मौर्या बी एल ओ, श्री कृष्ण कुमार बी एल ओ, श्री अजय कुमार थारू बी एल ओ तथा अन्य गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित हुए। रैली में मुख्य आकर्षण सबके द्वारा लगाए जा रहे प्रेरक नारे थे। जिसमें सबसे महावपूर्ण था सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो।

नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत निकाली गई प्रभात फेरी

माई सिटी

लखनऊ,नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैसरबाग लखनऊ में प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा जी के नेतृत्व में स्वीप नोडल ऑफिसर एवं सदस्यों, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयकों , एनसीसी ए. एन.ओ., शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि माननीय कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय द्वारा रानी लक्ष्मीबाई वार्ड संख्या 42 को गोद लिया गया है, जो लखनऊ मध्य विधान सभा क्षेत्र में आता है। यहां दिनांक 20 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत मतदान प्रस्तावित है। सम्पूर्ण महाविद्यालय द्वारा चरण बद्ध तरीके से दिनांक 10 मई से 16 मई 2024 तक उक्त वार्ड में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शत–प्रतिशत मतदान कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दि. 10 मई, 2024 को प्रातःकाल आठ बजे से प्रभात फेरी निकाल कर वार्ड में हर घर जाकर लोगों से संपर्क किया गया और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस रैली में क्षेत्र के बी एल ओ श्री रंजीत कुमार मौर्या और अन्य गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित हुए। महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताओं, स्टाफ तथा एनसीसी, एनएसएस की छात्राओं ने इस रैली में भाग लिया व मतदाताओं को उनके मतदान के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया।